<u>ध्येय पथ</u>

<u>जनवरी माह की गतिविधियाँ</u>

## शान्ति स्वरुप भटनागर स्मृति दिवसः



1 जनवरी को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में शान्ति स्वरुप भटनागर स्मृति दिवस के अवसर पर रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सुश्री दीप्ती गुप्ता, श्रीमती विभा सिंह सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शोक सभाः

3 जनवरी को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सम्मानीय सदस्य श्री प्यारे मोहन सरकार के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में आयोजित शोक सभा में प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष श्री सुबोध कुमार मिश्रा ने प्यारे मोहन सरकार के व्यक्तित्व एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए नमन किया। दो मिनट का मौन रहकर शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि दी।



## गुरु गोविन्द सिंह जयन्तीः




4 जनवरी को सिखों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह जी की जयन्ती के पूर्व दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में इतिहास विभाग प्रभारी डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रक्षा प्रदर्शनीः



8 जनवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शोध छात्र श्री अमित त्रिपाठी, श्री इन्द्रजीत कुमार तथा श्री रोशन कुमार उपस्थित थे। उक्त प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रत्नेश नाथ योगी (बी.एस.सी. भाग दो), द्वितीय स्थान आकाश कुमार यादव (बी.ए. भाग तीन) व तृतीय स्थान अवंतिका यादव (बी.ए.भाग दो) को प्राप्त हुआ। रक्षा एवं स्त्रातिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ0 अभिषेक सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दिया।

## विशिष्ट व्याख्यान एवं शोध व्याख्यान प्रतियोगिता (मनोविज्ञान विभाग):

9 जनवरी को महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'युवाओ के लिए समय प्रबन्ध का महत्त्व' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिविल लाइन्स, गोरखपुर के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 वेंकट रमण पाण्डेय ने अपना विचार व्यक्त किया।



इसी दिन मनोविज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 24 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक के रुप में डॉ0 वेंकट रमण पाण्डेय, डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र तथा सुश्री हिमान्द्री सिंह रहीं। विजयी प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर बी.एस–सी. प्रथम वर्ष के छात्र विवेक कुशवाहा, द्वितीय स्थान पर बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के छात्र सैफ खान, तृतीय स्थान पर बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा रीतू सिंह तथा सांत्वना पुरस्कार बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र विनय साहनी ने प्राप्त किया।

## अंग्रेजी विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता




10 जनवरी को महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रुप में भगवान दत्त महिला महाविद्यालय चौरी–चौरा की अंग्रेजी साहित्य की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 निलिमा दूबे उपस्थित थी। प्रतियोगिता में कुल 28 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजयी प्रतिभागियो में प्रथम स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा शिवांगी राय, द्वितीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ ओझा, तृतीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र विवेक कुमार विश्वकर्मा तथा सांत्वना पुरस्कार बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अमृत कुमार ने प्राप्त किया। आभार ज्ञापन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान् द्वारा किया गया।

## भारत–भारतीय पखवारा (12 जनवरी विवेकानन्द जयन्ती से 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस तक) उद्घाटन समारोह:




11 जनवरी को महाविद्यालय में भारत–भारतीय पखवारा ( भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती एवं गणतन्त्र दिवस समारोह एवं इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं तथा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ) के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के पूर्व दिवस पर आयोजित समारोह को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं भौतिकी के आचार्य प्रो. रविशंकर सिंह ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 यशवन्त कुमार राव व संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने किया।

## निबन्ध प्रतियोगिताः

12 जनवरी को भारत–भारतीय पखवारा के अन्तर्गत 'भारत के आर्थिक विकास में जी.एस.टी. विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अंकित कुमार पाण्डेय, द्वितीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष छात्र अमन कुमार राणा एवं तृतीय स्थान पर बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के छात्र राकेश कुमार चौरसिया रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 यशवन्त राव ने सभी प्रतिभागियो को सम्बोधित किया।



## विशिष्ट व्याख्यानः

13 जनवरी को भारत–भारतीय पखवारा के अन्तर्गत 'वैश्वीकरण का बदलता परिदृश्य' विषय पर डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक प्रवक्ता, राजनीतिशास्त्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रार्थना सभा में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन श्री विनय कुमार सिंह तथा आभार ज्ञापन भारत–भारतीय पखवारा कार्यक्रम संयोजक श्रीमती कविता मंध्यान् ने किया।




## गायन प्रतियोगिता एवं युवा काव्य पाठः

17 जनवरी को भारत–भारतीय पखवारा के अन्तर्गत 'गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.एस–सी. प्रथम वर्ष की आकांक्षा सिंह, द्वितीय स्थान बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के समीर पाण्डेय एवं बी.एड प्रथम वर्ष की प्रिया वर्मा तथा तृतीय स्थान बी.एड. प्रथम वर्ष की पूनम गुप्ता और प्रतिभा शुक्ला को प्राप्त हुआ।



इसी के साथ 'युवा काव्य पाठ' प्रतियोगिता का भी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान द्वितीय वर्ष की प्राची, बी.एड. द्वितीय वर्ष के आदित्य गुप्ता एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष के दुर्गेश साहनी को प्राप्त हुआ।

## विशिष्ट व्याख्यान (भूगोल विभाग):



17 जनवरी को महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा 'मानव प्राकृतिक विकास का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 प्रमोद कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग, बापू पी.जी. कालेज, पी.पी.गंज, गोरखपुर मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी तथा आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही ने किया।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता:




18 जनवरी को भारत–भारती पखवारा के तत्वाधान में भाषण–प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका'' था। प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष के राहुल गिरि प्रथम, बी.ए प्रथम वर्ष के अंकित पाण्डेय द्वितीय, बी.एड. द्वितीय वर्ष के विवेक विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप कार्यक्रम संयोजक अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष कविता मंध्यान् जी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। तथा प्रतियोगिता का संचालन एवं आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 यशवन्त राव ने किया गया।

## एक दिवसीय सेमिनार एवं मैप ड्रांइग प्रतियोगिता–भूगोल विभागः



18–19 जनवरी को भूगोल विभाग द्वारा ''पर्यावरण के समक्ष चुनौतियॉ'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं मैप ड्रांइग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ''पर्यावरण के समक्ष चुनौतियॉ'' विषय पर राजनीतिशास्त्र के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार राव जी द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में विचार प्रस्तुत किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 मंजेश्वर कुमार जी द्वारा भी विचार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी जी द्वारा एवं आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही जी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन सुश्री गायत्री सिंह द्वारा किया गया।

## हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथिः




19 जनवरी को भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि के अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 हिमाशुं चतुर्वेदी जी द्वारा महाराणा प्रताप के बलिदान एवं त्याग से सम्बोधित ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से छात्रों का उत्प्रेरित किया। राष्ट्र के प्रति समर्पण की भाव पैदा न करने में यह व्याख्यान बहुत महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव जी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र जी द्वारा एवं आभार ज्ञापन डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह जी द्वारा किया गया।

## गृहविज्ञान विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता



20 जनवरी को गृहविज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 22 छात्राओं ने प्रोटीन, मधुमेह, विटामिन्स, बाल मृत्यु, कुपोषण आदि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। निर्णायक मण्डल के रूप में चौधरी चरण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रवक्ता

सुश्री रजनी मिश्रा सिद्धार्थनगर के गृह विज्ञान की प्रवक्ता पूनम मिश्रा एवं महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती कविता मंध्यान् जी द्वारा इशरत जहॉ को प्रथम स्थान, ललिता को द्वितीय स्थान एवं सोनी को तृतीय स्थान घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा चन्दा शर्मा एवं आभार ज्ञापन गृहविज्ञान प्रभारी श्रीमती किरन सिंह जी द्वारा किया गया।

## योग प्रशिक्षणः




20 जनवरी को भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्राणी विज्ञान के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह द्वारा सामूहिक योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस योग प्रतिशक्षण में भ्रस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, कपाल भारती तथा भ्रमरी का प्रशिक्षण दिया गया।

## द्वि–दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स मीटः

21–22 जनवरी को भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत द्वि–दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें 100 मी., 200 मी. व 400 मी. दौड़ लम्बी कूद, गोलारोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः बालक वर्ग 200 मी. दौड़ में अजय सिंह (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान, आकाश यादव (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान एवं श्याम बिहारी जायसवाल बी.काम प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान एवं बालिका वर्ग में 100 मी. व 200 मी. दौड़ मे कुमकुम चौहान (बी.काम. द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान, गायत्री सिंह चौहान (बी.ए. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा श्रेयसी सिंह ( बी.ए. तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



100 मी. दौड़ में (बालक वर्ग में) तथा अश्वनी प्रजापति (बी.काम तृतीय वर्ष), सुबोध यादव (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा पंकज कुमार यादव (बी.ए. द्वितीय वर्ष) क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद (बालक वर्ग) की प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र दयालु चौहान ने प्रथम स्थान

(बी.एस–सी प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे एवं बालिका वर्ग में कुमकुम चौहान ( बी.काम. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, कुमारी खुश्बु (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा एम.काम. प्रथम वर्ष की छात्रा तेजस्वनी यादव तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मी0 दौड़ (बालक वर्ग) अजय सिंह बी.एस–सी प्रथम वर्ष प्रथम, पंकज कुमार यादव बी.ए.



द्वितीय वर्ष द्वितीय, आकाश यादव बी.एस–सी. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। 800 मी0 दौड़ (बालक वर्ग) पंकज यादव बी.ए. प्रथम वर्ष, सोमनाथ कन्नौजिया बी.एड. द्वितीय वर्ष द्वितीय, दयानन्द चौहान बी.ए. द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। 22 जनवरी को गोला क्षेपण (बालक वर्ग) में एम.काम. द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थ शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। गोला क्षेपण (बालक वर्ग) में एम.काम. द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थ शुक्ला प्रथम स्थान, एम.काम. प्रथम वर्ष के श्याम बिहारी जायसवाल द्वितीय स्थान एवं बी.काम. तृतीय वर्ष के अश्वनी प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे।

## बसन्त पंचमी समारोहः अनुष्ठान एवं उत्सव



22 जनवरी को महाविद्यालय में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजा के साथ बसन्त उत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख विधि–विधान से पूजा–अर्चना किया गया। इस अनुष्ठानिक कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में बी.एड् विभाग की शिक्षिका श्रीमती विभा सिंह ने पूजा कार्य सम्पन्न कराया। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी पूजा में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती

23 जनवरी को महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती के अवसर पर क्रीड़ा विभाग के प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्रीड़ा विभाग द्वारा बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



बालक वर्ग में एम.काम. प्रथम वर्ष के ऋषभ शर्मा, अनुज कुमार प्रजापति विजेता एवं बी.काम. द्वितीय वर्ष के नितिश रंजन, बी.काम. प्रथम वर्ष के अभिषेक भट्टाचार्य की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में बी. एस–सी. तृतीय वर्ष की शिप्रा वर्मा, बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की प्रिया गुप्ता विजेता एवं बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की राखी चौरसिया, बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की कशिश सिंह की टीम उपविजेता रही।

**भूगोल विभाग का शैक्षिक भ्रमणः**

भूगोल विभाग के बी.ए. भाग तीन के छात्र/छात्राओं का शैक्षिणिक भ्रमण भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी के निर्देशन में 24 जनवरी को गोरखपुर से हरिद्वार, ऋषिकेश, देवप्रयाग देहरादून, मसूरी आदि स्थानों को भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। सभी स्थलों पर भ्रमण के उपरान्त वापसी 2 फरवरी को हुयी।



**मेंहदी प्रतियोगिताः**



24 जनवरी भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 23 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पायल वर्मा (बी.एस–सी तृतीय वर्ष) सावित्री (बी.एड.प्रथम वर्ष) तथा संयुक्त रूप से शिल्पा सिंह (बी.ए. प्रथम वर्ष) एवं प्रिया गुप्ता (बी.एस–सी तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में बी.एड. विभाग की प्रवक्ता डॉ0 अनुभा श्रीवास्तव, सुश्री हिमान्द्री सिंह एवं अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता म ं ध्यान् रही कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

## रंगोली प्रतियोगिताः

भारत–भारती पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 25 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी.एड. प्रथम वर्ष की जया गौतम प्रथम स्थान, बी.एडत्र प्रथम वर्ष की ही सावित्री द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की पायल शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

## गणतन्त्र दिवसः

26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन उत्सवपूर्वक सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो0 सदानन्द प्रसाद गुप्त जी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उसके उपरान्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, भारतीय सैनिकों के बलिदान से सम्बन्धित नाटक, काव्यपाठ एवं उत्प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 सदानन्द प्रसाद गुप्त ने अपने उत्प्रेरक व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। अन्त में प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने वर्ष भर की गतिविधियों एवं प्रयासों को शहीदों के चरणों में समर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।



## अभिभावक शिक्षण संघ सम्मेलनः

शिक्षक अभिभावक समिति की बैठक 26 जनवरी को महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में पदाधिकारियो का चुनाव सम्पन्न हुआ अध्यक्ष श्री रामरूप, उपाध्यक्ष श्री दिलीप चौहान, महामंत्री श्री महेश कुमार सैनी एवं सचिव डॉ0 रामसहाय (शिक्षक) को चुना गया।



## इतिहास विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिताः

27 जनवरी को प्राचीन इतिहास एवं मध्यकालीन इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 19 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग के प्रवक्ता श्री नवनीत कुमार सिंह एवं मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उत्साहवर्धन किया प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः कार्तिकेय मिश्र (बी.ए. प्रथम वर्ष) कुमारी खुश्बु (बी.ए.द्वितीय वर्ष) एवं कुमारी सीमा पाण्डेय व अराधना गौड़ (बी.ए.तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया तथा सांत्वना पुरस्कार संयुक्त रूप से दुर्गेश साहनी राहुल गिरी एवं अंकित कुमार पाण्डेय ने प्राप्त किया विजित प्रतिभागियों का इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह जी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र द्वारा किया गया।



## योग प्रशिक्षण कार्यक्रम



27 जनवरी को प्राणि विज्ञान के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह द्वारा सामूहिक योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षण में अनुलोम–विलोम, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विशिष्ट व्याख्यान–गणित एवं सांख्यिकी विभाग

29 जनवरी 2018 को गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा 'न्यूमेरिकल एनलिसिस' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 विजय कुमार (आचार्य, गणित एवं सांख्यिकी विभाग) दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के प्रभारी श्रीकान्त मणि त्रिपाठी जी ने तथा आभार ज्ञापन सांख्यिकी विभाग के प्रभारी डॉ0 अरूण रॉव जी ने किया।



## हिन्दी विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



29 जनवरी को हिन्दी विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 भरत प्रसाद त्रिपाठी, पूर्वोत्तर विश्वविद्यालय शिलांग मेघालय ने ''साहित्य की भूमिका'' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ0 आरती सिंह जी ने किया।

## रसायन विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




30 जनवरी को महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 एच0सी0 गुप्ता अवकाश प्राप्त एसोसिट प्रो0 रसायन विज्ञान विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर ने ''एलिमेंट्री एण्ड एडवांस आईडिया एबाउट कार्बोकेटायन इण्टरमिडिएट्स'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रवक्ता श्री प्रदीप वर्मा तथा आभार ज्ञापन प्रवक्ता श्री संजय जायसवाल द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना–एक दिवसीय शिविरः

31 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संत रविदास के जयन्ती के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर में स्वच्छता अभियान एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफाई अभियान में स्वयं सेविकाओं की चौदह टीमें तथा स्वयं सेवकों की दस टीमें टोली प्रभारियों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान सम्पन्न किया। संत रविदास के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर परिचर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने संत रविदास के विचारों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के साथ जोड़ते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए समर्पित था। डॉ0 यशवन्त कुमार राव, प्राणि विज्ञान के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह सहित स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने सहभागिता किया।

